सं 11011/35/2025 -रा.भा (अनुसंधान)
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
(अनुसंधान अनुभाग)

एनडीसीसी-II भवन, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली- 110001
दिनांक: 03.11.2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में।**

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष दिनांक 07 नवंबर, 2025 को पूरे होने के विशेष अवसर पर भारत सरकार द्वारा दिनांक 07 नवंबर, 2025 से 07 नवंबर, 2026 के बीच अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

2. इस उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 07 नवंबर, 2025 (शुक्रवार) को अपराह्न 03:00 बजे सम्मेलन कक्ष, चतुर्थ तल, एनडीसीसी-2 भवन, नई दिल्ली में राजभाषा विभाग (मुख्यालय) एवं इसके सभी अधीनस्थ कार्यालय तथा केंद्रीय सचिवालय राजभाषा संवर्ग के सभी कार्मिकों के लिए राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" गायन प्रतियोगिता और "भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में 'वंदे मातरम' का महत्व एवं योगदान" विषय पर आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

3. उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु टीए/डीए का भुगतान संबंधित कार्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। साथ ही प्रतिभागी के आवास की व्यवस्था भी संबंधित कार्यालय द्वारा ही की जाएगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं के बारे में निर्णायकों का निर्णय अंतिम होगा। पुरस्कार विजेताओं की घोषणा यथासमय की जाएगी। प्रत्येक श्रेणी में पाँच पुरस्कार दिए जाएंगे।

4. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी अपनी सहभागिता के संबंध में सूचना ईमेल आईडी raghubir.sharma75@nic.in (मोबाइल: 9818484865) पर दिनांक 06 नवंबर, 2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक प्रेषित करें।

5. यह कार्यालय ज्ञापन सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

प्रेम नारायण

(प्रेम नारायण)
उप सचिव (प्रशासन)

**प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु:**

1. केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग/ कार्यालय आदि के कार्यालय प्रमुखों को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने संगठनों में कार्यरत केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा संवर्ग के कार्मिकों को इस प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु अनुमति प्रदान करें।
2. निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान एवं केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो।
3. कार्यालयाध्यक्ष, राजभाषा विभाग के सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय।
4. सचिव, संसदीय राजभाषा समिति।

**प्रति सूचनार्थ:**

1. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी।
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव ।